संक्षिप्त

आवेदन की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर

निवाई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर स्वैच्छिक मानदेय सेवा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता दीपक ने बताया कि निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएँ राजस्थान जयपुर से प्राप्त नियुक्ति आदेशों के अनुसार निवाई परियोजना में कुल 3 कार्यकर्ता एवं 5 सहायिका पदों पर भर्ती की जाएगी। आवेदकों के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन रखी गई है तथा आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर को शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने पूर्ण दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय निवाई में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उपनिदेशक ने बताया कि रिक्त पद ग्राम पंचायत सिरस (श्योसीहपुरा) कार्यकर्ता अनारक्षित, ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा कार्यकर्ता अनुसूचित जनजाति, ग्राम पंचायत खंडदेवत (गाँव चोरपुरा) कार्यकर्ता अनुसूचित जनजाति, ग्राम पंचायत हनोतिया (गाँव पथराज) सहायिका अनारक्षित, ग्राम पंचायत मण्डालिया सहायिका अनारक्षित, ग्राम पंचायत बस्सी सहायिका अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत झिलाय सहायिका अनारक्षित, ग्राम पंचायत नयागांव सहायिका अनारक्षित विभाग के अनुसार चयन प्रक्रिया संबंधित दिशा-निर्देशों व पात्रता मानकों के अनुसार की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र अभ्यार्थी समय पर आवेदन जमा कर पदों के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत करें।

सीएम ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया

शाहपुरा, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर में भाजपा जयपुर संभाग की बैठक में संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।बीते दो वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और सुशासन के प्रयासों को घर-घर तक पहुँचाने की सामूहिक जिम्मेदारी साझा की गई। प्रदेश की प्रगति के संकल्प को गति देने वाली यही कार्यकर्ता - शक्ति हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर जयपुर देहात उत्तर से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप धनखड़, प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, जिला प्रभारी सतवीर यादव, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री गुड्डू सैनी, पंचायत प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक रघुवीर सिंह चौधरी सैनी, किसानमोर्चा जिलाध्यक्ष सरदार यादव सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंबेडकर विचार मंच ने सौंपा ज्ञापन

निवाई। उपखंड कार्यालय पर अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष योगराज गंगवाल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में महाराष्ट्र में दलित युवक की हत्या करने के आरोपितों पर कार्रवाई करने, डीडवाना-कुचामन में डॉभीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित करने एवं सरकारी दफ्तरों में डॉ. अंबेडकर की तस्वीर लगाने की मांग की है। इसी प्रकार नांदेड़ में दलित युवक की अंतरजातीय प्रेम प्रसंग के चलते निर्मम हत्या कर देने से मंच के पदाधिकारियों ने उक्त घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की।

बकरे-बकरियां चुरा ले गए चोर

पावटा। रात्रि को घर में घुसे अज्ञात चोर एक बकरा एवं सात बकरियां चोरी कर ले गए। मामला विराटनगर थाना क्षेत्र के गांव सोठाना का है। इस संबंध में विराटनगर पुलिस थाना में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित शंकर लाल कुमावत निवासी गांव सोठाना ने लिखित रिपोर्ट पेश की कि वह अपने घर में बकरे-बकरियों का पालन करता है।शुक्रवार की रात्रि वह व परिवार के सदस्य घर में सो गए।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

चिकित्सा शिविर आयोजित

अलवर। पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर पुलिस अधिक्षक सुधीर चौधरी चिन्तित है इसी को देखते हुए उन्होंने रविवार को मैडिकल चेकअप कैम्प का आयोजन पुलिस लाईन में आयोजित किया

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को रिजर्व पुलिस लाईन जिला अलवर मे पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियो के लिए डॉ. प्रदीप कथुरिया एमडी (होम्यो), डॉ. बी. लाल. लैबोरेट्री व टाईटन आई प्लस जिला अलवर के संयुक्त तत्वाधान में मेडिकल टीम द्वारा नि:शुल्क मेडिकल हैल्थ चैकअप शिविर, परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिलें के पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेडिकल टीम द्वारा पुलिसकर्मियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी, शुगर, ईसीजी, आई टेस्ट आदि का चैकअप किया गया। शिविर में पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियो द्वारा अपना हैल्थ चैकअप करवाया गया। डॉक्टर द्वारा पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियो को स्वास्थ्य के बारे मे परामर्श दिया गया। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य जागरूकता, तनाव प्रबंधन, खानपान, एवं फिटनेस से संबंधित मार्गदर्शन भी प्रदान किया। सभी जवानों को उनके स्वास्थ्य की स्थिति के अनुसार आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं।

सर्विस लेन पर अवैध पार्किंग बना परेशानी का सबब

पावटा। शहर की मुख्य सड़कों पर व पावटा से लेकर प्रागपुरा कस्बे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने सर्विस लेन पर अवैध पार्किंग लोगों के लिए बड़ा खतरा व मुश्किलों का सबब बनी है। इसके कारण शहर में रोजाना जगह-जगह जाम लग रहे हैं। जाम में फंसने से लोगों के जरूरी कार्य प्रभावित होते हैं।

राहगीरों का कहना है कि अवैध पार्किंग पर पुलिस विभाग का ध्यान नहीं है। पार्किंग समस्या ने क्षेत्र की सूरत बिगाड़ कर रख दी है। कस्बे के सुभाष चौक बाजार, घंटाघर चौक बाजार, सर्विस रोड की सड़कों सहित अन्य जगहों पर जाम आम बात हो गई है। पार्किंग को लेकर कई बार क्षेत्रवासी प्रशासन से मांग कर चुके हैं और प्रशासन भी कई बार लोगों की इस मांग को लेकर प्लानिंग बना चुका है लेकिन आज तक योजना सिरे नहीं चढ़ी। यहां सर्विस रोड स्थित बैंकों और अन्य निजी प्रतिष्ठानों के बाहर खड़े वाहनों के कारण एक चार पहिया वाहन के निकलने का भी रास्ता नहीं बचता। परिवहन, यातायात व पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह जैसे कई अभियान चलाए जाते है लेकिन इनकी अनदेखी के चलते आमजन के जानमाल की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। पावटा से लेकर प्रागपुरा कस्बे तक

राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने सर्विस लेन पर हो रही अवैध पार्किंग।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने सर्विस लेन पर अवैध पार्किंग लोगों के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है। यह ना केवल यातायात को प्रभावित करती है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का भी प्रमुख कारण है। वाहन चालक अपने वाहनों को ना केवल सर्विस लेन के दोनों तरफ पार्क कर रहे हैं बल्कि ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर व गैराज संचालक सारा कामकाज व चौपहिया वाहनों की मरम्मत का काम सर्विस लेन पर कर रहे हैं। इससे ना केवल यातायात प्रभावित हो रहा है बल्कि सड़क सुरक्षा को भी खतरे में डाला जा रहा है। इससे यहां दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में ना केवल राजमार्ग बल्कि सर्विस लेन पर हादसों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। हादसे अक्सर अवैध पार्किंग के कारण होते हैं। इसके अलावा सर्विस लेन पर काम करने वाले मिस्त्री और अन्य मजदूर भी सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते है। ग्रामीणों व व्यापारियों ने सरकार से अपील है कि पार्किंग का प्रबंध किया जाए। पार्किंग की व्यवस्था की जानी चाहिए। पार्किंग न होने के कारण सड़क पर वाहन खड़े करने पड़ते हैं। यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।

अवैध हथियारों के जखीरे के साथ बदमाश गिरफ्तार

पुलिस ने अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया।

अलवर। अलवर के मालाखेड़ा थाना पुलिस को नांगल टोडियार के पहाड़ों से हथियारों का जखीरा मिला है। टोडियार बीट सिपाही राजेश यादव को मिली गुप्त सूचना पर एसएचओ हरदयाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खतरनाक और दुर्गम पहाड़ी जंगल में दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश को अवैध हथियारों के बड़े जखीरे के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन 12 बोर की बंदूकें, तीन 315 बोर के कट्टे, 68 जिंदा कारतूस, 52 खाली कारतूस, 12 पैकेट छर्रे तथा हथियार सेट करने व कारतूस फिट करने का सामान बरामद किया है। यह पूरा जखीरा गहरे जंगल में छिपाकर रखा गया था।

जिस स्थान से हथियार बरामद किए गए वह बेहद खतरनाक पहाड़ी इलाका है, जहां तक पहुंचना ही पुलिस के लिए चुनौती था। इसके बावजूद मालाखेड़ा पुलिस टीम ने बहादुरी दिखाते हुए क्षेत्र में दबिश दी और बदमाश को मौके से पकड़ लिया।

पुलिस एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि कुछ दिन पहले मालाखेड़ा थाना क्षेत्र में एक फायरिंग की घटना हुई थी, जिसमें पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट किया था, जिसके बाद उससे हथियार भी बरामद किया था। लेकिन जो हथियार वीडियो में दिख रहा था वह हथियार वो नहीं था जिसे आरोपी से बरामद किया था। पुलिस लगातार अवैध हथियारों पर नजर रखे थी। मालाखेड़ा पुलिस की टीम ने यह हथियार बरामद किए हैं।

थानागाजी में प्रजापति समाज छात्रावास का भूमि पूजन

अलवर। थानागाजी में प्रजापति समाज ने छात्रावास भूमि पूजन और प्रतिभा-भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान विधायक कांति प्रसाद मीणा ने छात्रावास निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा की, जबकि प्रधान जयप्रकाश प्रजापति ने एक कमरा बनवाने का संकल्प लिया।

प्रजापति विकास समिति थानागाजी के तत्वावधान में 6 और 7 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में समाजबंधुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ा।

- **विधायक ने की 11 लाख की घोषणा, प्रधान ने एक कमरा बनवाकर देने का लिया संकल्प**

छात्रावास परिसर पूरी तरह खचाखच भर गया, जो समाज की एकजुटता और विकास के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति थानागाजी के प्रधान जयप्रकाश प्रजापति ने की। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक और उद्योगपति रोहित प्रजापति उपस्थित रहे। थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल

थानागाजी में प्रजापति समाज छात्रावास का भूमि पूजन किया।

हुए। 6 दिसंबर को छात्रावास का भूमि पूजन वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। समिति ने बताया कि इस छात्रावास के निर्माण से समाज के विद्यार्थियों को सुरक्षित आवास, बेहतर शैक्षिणक वातावरण और अनुशासित जीवनशैली का अवसर मिलेगा।

इसे प्रजापति समाज के स्वावलंबन और शिक्षा विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। 7 दिसंबर को आयोजित प्रतिभा-भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा, खेल, प्रतियोगी परीक्षाओं और सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। समाज के आर्थिक सहयोगियों, जिन्हें भामाशाह कहा जाता है, को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

प्रतापगढ़ तहसील परिक्षेत्र से आगर, पिपलाई, आमका, प्रतापगढ़, हमीरपुर सहित कई गांवों से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जीवनराम, सीताराम, कजोड़मल, धारुराम, पवन, गंगाधर, रामनिवास, गिरधारी, अर्जुन, लेखराज, किशोर, मोहनलाल, लच्छुराम, रामकिशन, फैलीराम, सुंदर, अशोक, हनुमान और छाजूराम सहित अनेक समाजबंधुओं का योगदान उल्लेखनीय रहा।

सम्मान किया

भरतपुर (निस)। सर्व शक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन के प्रधान कार्यालय पर डॉक्टर मुकेश हरितवाल स्पाइन सर्जन और डॉक्टर विजय शर्मा ई एन टी का भव्य समारोह में चेयरमैन सुरेन्द्र पाराशर व पदाधिकारियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया । जिसमें दोनों डॉक्टर्स को सर्व शक्ति रत्न प्रमाण पत्र, साफा, अंगवस्त्र, माला, पुष्प माला से सम्मानित किया। कार्यक्रम की

वाहन की टक्कर से मैनेजर की मौत

अलवर। अलवर शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र के इटाराना पुलिया पर रविवार दोपहर करीब 2 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 40 वर्षीय भगवान सहाय सैनी पुलिया से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनकी बाइक पुलिया के ऊपर ही खड़ी मिली जबकि व्यक्ति नीचे गिरा हुआ था। घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने पुलिस को सूचना दी। अरावली विहार थाने से एएसआई इशराक खान मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक भगवान सहाय सैनी अलवर शहर के जुबली बास मोहल्ले की गली नंबर 3 का रहने वाला था। सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो व्यक्ति नीचे गंभीर अवस्था में पड़ा मिला तथा पास में हेलमेट भी नहीं मिला। बाइक पुलिया के ऊपर ही सुरक्षित अवस्था में पाई गई। मृतक भगवान सहाय सैनी भरतपुर स्थित रेनॉल्ड्स कंपनी में सर्विस मैनेजर के रूप में कार्यरत थे और रोजाना की तरह आज भी भरतपुर से अलवर अपने घर लौट रहे थे। पुलिया पर चढ़ते ही किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी, जिसके बाद वे नीचे जा गिरे। परिजन रमन सैनी ने बताया कि भगवान सहाय तीन भाइयों में से एक थे और उनके तीन बच्चे हैं। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

लूणवा की गोचर भूमि पर जलभराव से किसानों की बढ़ी परेशानी

सांभरझील, (निसं)। लूणवां में खेतों व बाबा भैरवनाथ मंदिर के धाम जाने वाला प्रमुख मार्ग लम्बे समय से बाधित पड़ा है। कई बीघा गोचर भूमि पर आज भी बारिश का पानी जमा है, जिसकी वजह से किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। प्रशासन की ओर से सहयोग नहीं मिलने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। मानसून की अति सक्रियता ने रबी की फसलों को बर्बाद कर दिया।

कृषि व पशुपालन पर निर्भर लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। यह भी बताया

- **खेतों और मंदिर जाने के लिए कीचड़ से गुजरना पड़ता है**

गया कि मार्ग पर अतिक्रमण बढने से आवागमन मुश्किल हो गया है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते अतिक्रमण भी बढ़ता जा रहा है। ग्रेवल सड़क बनने के पश्चात पत्थर, पोल, तारबंदी, बबूल की कंटीली झाड़ियां डालकर मार्ग बाधित कर रखा है। खेतों और मंदिर जाने के लिए कीचड़ से गुजरना पड़ता है। पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने का खतरा

गोचर भूमि पर जमा बारिश का पानी।

अधिक हो गया है। मौसमी बीमारियों की चपेट में आने के कारण ग्रामीण अंदर से टूट गए हैं। किसानों ने बताया कि करीब पांच किलोमीटर लम्बें रास्तें के साथ ही खेतों में दो वर्ष से जल जमा है। फसल के मुआवजे के लिए आवेदन किया लेकिन सरकार की ओर से अभी तक मुआवजा नहीं मिला। वहीं खेतों से विधुत लाईन भी डाली हुई है। जिससे हादसा होने का भय बना रहता है। खारडे के नाम से प्रचलित गोचर भूमि में बरसात का पानी भरा हुआ है। जिसमें कई बार चारा चरते या विचरण करते गोवंश आदि बेजुबान जानवर फंस जाते है। जिनकों गोसेवकों के सहयोग से निकाल कर जीवनदान देते है। बाबा भैरव नाथ के दर्शन करने के इच्छुक रवाले श्रद्धालुओं को भी काफी मुसीबतो का सामना करना पड़ता है। दीपाराम जाट, नायब तहसीलदार ने बताया कि ग्रामीणों ने जलभराव के समाधान के लिए उपखंड अधिकारी को शिकायत पत्र दिया हुआ है। रास्तें में हो रहे अतिक्रमण को लेकर भी दिखवाते है।

राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की बैठक

टोंक। राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) की राज्यस्तरीय बैठक राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल दूनी में आयोजित हुई। जिसके अन्तर्गत महासंघ ने फैसला किया है कि कर्मचारी अपनी अलग-अलग समस्याओं को लेकर जल्द ही सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को जयपुर जाने का फैसला लिया तथा अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना और प्रदर्शन करेंगे।

महासंघ के महेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सातवें वेतन आयोग की कमियां अभी दूर नहीं हुई हैं, और अब आठवें वेतन आयोग में भी कई गलतियां प्रदर्शित हो रही हैं। उन्होंने चिंता जतातें हुए बताया कि आठवें वेतन आयोग में पेंशन लेने वाले पेंशनर्स का जिक्र ही नहीं है। कर्मचारी महासंघ की मांग है कि 8वें वेतन आयोग की समीक्षा की जाए और उसमें पेंशन भोगियों के हितों की रक्षा के लिए उचित नियम शामिल किए जाएं। वही चौधरी ने कहा कि अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर जयपुर में आंदोलन करेंगे। इस दौश्रान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र राणा ने सभी कर्मचारियों से 26 दिसंबर को जयपुर पहुंचे का आग्रह किया तथा वहा मौजूद पदाधिकारियों ने भी खाली पड़े सरकारी पदों को भरने की मांग उठाई।

सार-समाचार

पिच्छिका परिवर्तन समारोह मनाया

निवाई। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ में आर्यिका ज्ञानश्री माताजी एंव ज्ञायकश्री माताजी का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह धूमधाम से मनाया गया। विज्ञातीर्थ के कार्याध्यक्ष सुनिल भाणजा ने बताया कि माताजी का 17 वां गुरू उपकार दिवस को लेकर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। नियम त्याग का संकल्प लेने वाले श्रावक ही नई पिच्छिका देने वह पुरानी पीच्छिका घर ले जाने का लाभार्थी बने। महोत्सव को लेकर सुबह से देर शाम तक कई आयोजन हुए। इस दौरान श्रावक बैंड बाजे के साथ नई पिच्छिका लेकर नाच गान करते चल रहे थे। विज्ञातीर्थ में महिला मंडल ने रंगोली सजाई। मंगल कलश के साथ अगवानी की। इस दौरान सर्वप्रथम महिला मण्डल द्वारा चित्र अनावरण किया गया। चातुर्मास कमेटी के पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। आचार्य शांतिसागर पाठशाला के बच्चों द्वारा मंगलाचरण किया गया। इसके बाद सभी मंडलों द्वारा आर्यिका विज्ञाश्री माताजी की अष्ट द्रव्य से धूमधाम के साथ एवं गाजे-बाजे के साथ पूजा-अर्चना की गई। अतिथियों का कमेटी द्वारा सम्मान किया गया। श्रद्धालु महावीर प्रसाद, शकुन्तला हितेश छाबड़ा, मयंक छाबड़ा एवं कमल चंद मिथलेश जयपुर द्वारा शास्त्र भेंट, नरेश जैन, सुनीता बड़ा गांव, पदमचंद पाटनी, पीसी जैन जयपुर ऋषि शाह को वस्त्र भेट, सौभाग्य प्राप्त हुआ, ज्ञानश्री माताजी को पिच्छिका भेंट करने का सौभाग्य बृजेंद्र लालकोठी जयपुर को सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं आर्यिका ज्ञायकश्री माताजी को पिच्छिका भेंट करने का सौभाग्य महावीर प्रसाद, शकुन्तला छाबड़ा, हितेश व मयंक छाबड़ा को प्राप्त हुआ।

माली समाज महासभा चौरासी की सभा

चाकसू। सूरजकुंड रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान परिसर में माली समाज महासभा चौरासी की सभा का आयोजन जगदीश सैनी माधोराजपुरा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन में (फुलेरा दोज)19 फरवरी 2026 को करने का निर्णय किया, प्रत्येक जोड़े पंजीयन शुल्क की राशि 21000 -21000 वर-वधु के लिए निर्धारित की गई, वहीं विकलांग एवं जिनके मां-बाप नहीं हैं(अनाथ) ऐसे विवाह योग्य बच्चों का निशुल्क पंजीयन होगा। सम्मेलन में सहयोग स्वरूप विभिन्न भामाशाहों और फुले सेवा संस्थान के अध्यक्ष ग्यारसी लाल बरखेड़ा द्वारा खाद्य सामठियों की घोषणा की। तथा आगामी महासभा (परिचय सम्मेलन)14 दिसंबर 2025 को करने का निर्णय किया गया, गोपाल सोलंकी चावडीया वालों की 21000 रुपए सहयोग राशि की घोषणा की गई साथी रामनारायण सरस्वाल चंदेल वालों की संपूर्ण जोड़ों का हवन सामगी की घोषणा की। मिटीग में राधेश्याम सैनी केलाश जगदीश मोरीया जादम रामवतार रामेश्वर चुलीवाल बेलीराम अजमेरा रामगोपाल सैनी बिजली वाले सरवन दासला सुरेश कोटखावदा हनुमान सिंह सैनी ग्यारसी लाल महादेव बरखेड़ा वीनोद गोपाल सोलंकी सैनी आदि पंच लोग मौजूद रहे हैं।

मांस से भरे 2 कंटेनर पकड़े

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर की सेवर थाना पुलिस ने दो मांस से भरे कंटेनर को गौ मांस होने की सूचना पर कार्यवही करते हुये पकड़ा है। यह साफ नहीं हो पाया है कि कंटेनरों में किस पशु का मांस भरा है। पशु चिकित्सकों की मेडिकल टीम को मांस की जांच के लिए बुलाया गया। एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने 4 लोगों को डिटेन भी किया। मांस से भरे कंटेनर बरेली से बॉम्बे की तरफ जा रहे थे। सेवर थाना अधिकारी सतीष शर्मा ने बताया कि जांच में भैंस का मांस पाया गया जिसके बाद कंटेनरों को छोड दिया गया। ग्रामीण सीओ कन्हैया लाल ने बताया कि गौ सेवकों द्वारा सूचना मिली थी कि मथुरा की तरफ से जयपुर की ओर गौमांस लेकर जाया जा रहा है। जिसके बाद सेवर थाना पुलिस ने लुधावई टोल पर दो कंटेनर को रुकवाया गया। दोनों कंटेनर को थाने लाया गया है। कंटेनरों मांस भरा हुआ मिला। दोनों कंटेनर किस पशु का मांस यह जानने के लिए मेडिकल टीम और एफएसएल की टीम को बुलाकर मांस की जांच करवाई। सेवर थाना अधिकारी सतीष शर्मा ने बताया कि जांच के बाद ही पूरा मामला साफ़ हो गया कि दोनों कंटेनर भैंस का मांस पाया गया जिसके बाद कंटेनरों को छोड दिया गया

लावारिश शवों की अस्थियों का विसर्जन

अलवर। भिवाड़ी की श्री राम सेवा समिति ने रविवार को मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए लावारिश शवों की अस्थियों का गढ़ गंगा में विसर्जन किया। समिति के सदस्य अल्प सुबह ही भिवाड़ी से रवाना होकर गढ़ गंगा पहुंचे और मंत्रोच्चार के बीच अनजान लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अस्थि विसर्जन के दौरान समिति के सदस्यों ने फूल-मालाओं और पवित्र जल के साथ धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए विधिवत विसर्जन प्रक्रिया पूरी की। समिति के प्रधान विनीत सिसौदिया ने बताया कि श्री राम सेवा समिति पिछले लंबे समय से भिवाड़ी में उन लोगों का अंतिम संस्कार करवाती आ रही है, जिनकी मृत्यु के बाद उनके परिजनों का पता नहीं लगता। इस स्थिति में पुलिस द्वारा समिति को सूचना दी जाती है और समिति के सदस्य सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करवाते हैं।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती अलका जैन पत्नी श्री अशोक कुमार जैन, जाति जैन, निवासी छत्र छाया अपार्टमेन्ट, प्लाट नम्बर बी-148, फ्लेट नम्बर 102, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर -302015 (राज.) जो कि श्रीमती सुमन माथुर पत्नी श्री नरेन्द्र चंद्र माथुर, जाति कायस्थ, निवासी फ्लेट नम्बर जी-8, दयाल आश्रम राधास्वामी सत्संग कॉलोनी, इंडसंड बैंक के सामने, महिन्द्रा सेज़ रोड़, महापुरा, जयपुर-302026 (राज.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की अचल सम्पत्ति आवासीय यूनिट/फ्लेट नम्बर 101, फर्स्ट फ्लोर, छत्रछाया अपार्टमेन्टस, प्लाट नम्बर बी-148, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर (राज.) में स्थित है को खरीद कर रही है उक्त अचल सम्पत्ति के मूल दस्तावेजो मे से श्री चत्र धर शर्मा तथा मैसर्स सेन्ड डयून कन्स्ट्रक्शन प्रा. लि जरिए अधिकृत निदेशक श्री अनूज माथुर द्वारा श्रीमती सुमन माथुर पत्नी श्री एन.सी. माथुर के पक्ष मे निष्पादित मूल विक्रय पत्र कही गुम हो गया है, जिसके संबंध में राजस्थान पुलिस की वेबसाईट पर दिनांक 18.11.2025 को आनलाईन रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी जिसका एलआर नम्बर 2960167/2025 है मेरी अभिभाष्या उक्त सम्पत्ति को खरीदने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड से ऋण प्राप्त करना चाहती है जिसके लिए उन्होने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड मे आवेदन किया हुआ है यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त विक्रय से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करें, बाद गुजरने मियाद मेरी अभिभाष्या उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र अपने हित में निष्पादित करवा लेगी तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
जयपुर (श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट
दिनांक:6/12/25 6/48, मालवीय नगर, जयपुर
मोबाईल नम्बर 9829218044

NAME CHANGE

I have changed my name from Atiqulla Khan to Ateeq Ullah Khan S/o Ayub Khan for all purpose. Resi.:- H. No. 3943, Mohalla Paharganj, Surajpol Gate, Opp Masijd, Jaipur.

I have changed my Name from Arbina to Arbeena Khanam for all future purposes. Arbeena Khanam R/o 1698, rasta haldiyan thakur gulab chapawat Chokari ghat Darwaja, Jaipur (Raj.)

i ic/army no 16014334 H EX NK sandeep singh resident of plot 39 vinayak vihar ward no1 nindar harmada jaipur that I want to change my dependent name from KARTIK SINGH NIRBAN To KARTIK SINGH NIRWAN vide affidavit dated 27 nov 2025 before district sub magistrate jaipur city north

कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर
क्रमांक-एफ-18()सि.ला.जो./उपा./नगिज/2025/1798
अनापत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक-18/11/2025
भूखण्ड संख्या 72 गोवर्धन कॉलोनी स्कीम नंबर 8 सी पथिक भवन गृह निर्माण सहकारी समिति का पट्टा क्षेत्रफल 211.80 व.ग. का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सुनील दत्त शर्मा एवं राजेश दत्त शर्मा पुत्रान स्व. शिवदत्त शर्मा को जारी किया गया है। तत्पश्चात् श्री सुनील दत्त शर्मा द्वारा राजेश दत्त शर्मा को जरिये उपहार पत्र दिया गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा राजेश दत्त शर्मा के नाम से नाम हस्तांतरण पत्र क्रमांक 3879 दिनांक 22.07.2013 को जेडीए द्वारा जारी है। निर्धारित अण्डरटेकिंग, विक्रय पत्र, के आधार पर उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 211.80 व.ग. का पट्टा श्री राजेश दत्त के. नाम से जारी किया जानी है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को इस पट्टा बावत में आपत्ति के प्रकाशन तिथी से 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म को कोई आक्षेप नही है। और मामलें का तदनुसार निपटारा किया जाएगा।
उपायुक्त, सिविल लाईन जोन, नगर निगम, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती प्रेम देवी पत्नी श्री हर नारायण शर्मा, जाति ब्राह्मण, निवासी भावता, चैनपुरा, टोंक (राज.) के द्वारा श्री सत्य नारायण स्वर्णकार पुत्र श्री हरि चरण स्वर्णकार, निवासी 191/148, सेक्टर-19, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर (राज.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की अचल सम्पत्ति आवासीय प्लाट नं. 47, योजना आर के पुरम, ग्राम श्रीराम की नांगल, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर (राजस्थान) जिसका कुल क्षेत्रफल 229.58 वर्गगज है का उत्तरी हिस्सा जिसकी नाप पूर्व से पश्चिम 68.79 फीट व उत्तर से दक्षिण 15 फीट है तथा जिसका कुल क्षेत्रफल 114.65 वर्गगज है को खरीद करने का इकरार किया हुआ है। सर्वप्रथम उक्त अचल सम्पत्ति जिसका कुल क्षेत्रफल 229.58 वर्गगज है का पट्टा विलेख कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री सुरेन्द्र दाधीच पुत्र श्री शिवदत्त दाधीच के पक्ष में जारी किया गया था। तत्पश्चात् श्री सुरेन्द्र दाधीच का स्वर्गवास दिनांक 01.03.2020 को हो गया तथा उनकी माताजी श्रीमती इन्द्रा देवी दाधीच पत्नी श्री शिव दत्त दाधीच का स्वर्गवास श्री सुरेन्द्र दाधीच के